## संक्षिप्त

### शैलेश का नीट में 5138 रैंक पर चयन



शैलेश सिंह

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नीट परीक्षा में शैलेश सिंह बिजारणिया ने प्रथम प्रयास में ही कक्षा 12 के साथ 690 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 5138 पर चयन हुआ। कस्बे के वार्ड नंबर 6 फूल सिंह बिजारणिया के पुत्र व मालीराम बिजारणिया के पोत्र हैं। पिता वर्तमान में भारणी प्रधानाचार्य के पद पर हैं व माता गहणी है। बहिन भी वर्तमान में कल्याण मेडिकल कॉलेज सीकर में 4 ईयर की स्टूडेंट है। शैलेश ने बताया कि पहली कडी मेहनत में ही मैंने सफलता हासिल की है। इनका श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को जाता है।

### फुलेरा जंक्शन पर जलसेवा जारी

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत की सेवादार द्वारा पिछले कई दिनों से इस भीषण गर्मी की भरी दोपहर में भी आरो के ठण्डे पानी की व्यवस्था कर रेल यात्रीयों को ठण्डा पानी पिलाया जा रहा है। इसको लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा अध्यक्ष अशोक वासुदेव ने बताया कि प्लेटफार्म नम्बर एक पर कई बार अनुरोध करने के बाद भी प्रशासन द्वारा टीन शेड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इस भीषण गर्मी तथा 45 डिग्री तापक्रम को भी नजर अन्दाज करते हुए और चुनौती को स्वीकार करते हुए जल सेवा करने का जज्बा मन में लिए हुए सेवा कार्य कर रहे है। उक्त जल सेवा में मुख्य रूप से शिक्षाविद् शक्ति सिंह स्काउट लीडर ललित सोनी, प्रेम प्रकाश सैन, सुरेश कुमार सैनी, प्रेम चन्द कुमावत, जितेन्द्र जादौन सहित स्काउट के बच्चे शामिल रहे।

### अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र की मित्रपुरा पुलिस ने 3 जून को दर्ज एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी राहुल महावर को गिरफ्तार कर पोक्सो न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया की नाबालिग पीडिता के पिता ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को उसी दिन 3 जून को ही दस्तयाब कर लिया। नाबालिग ने पूछताछ में दुष्कर्म करने की जानकारी दी। इस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश के निर्देशन में गठित टीम द्वारा अनुसंधान किया गया। जांच में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया। मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी राहुल महावर उम्र 19 वर्ष निवासी मित्रपुरा को गुरुवार को बोरदा स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया एवं शुक्रवार को आरोपी को सवाई माधोपुर पोक्सो न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

### बनवारी विकास समिति के अध्यक्ष

**मालपुरा, (निसं)।** महर्षि बालीनाथ बैरवा समाज छात्रावास संचालन समिति के शुक्रवार को हुये चुनाव में बनवारी लाल बैरवा को सर्वसम्मति से विकास समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान रामफूल बैरवा को सचिव व गणेश बैरवा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवीन पदाधिकारियों का समाज बंधुओं ने माला व साफा पहना स्वागत करते हुये समाज व छात्रावास के विकास व उत्थान में पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया। इसी क्रम में राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा मालपुरा तहसील कार्यकारिणी की हुई बैठक में संगठन की कार्यकारिणी मे नवीन पदाधिकारियो के चयन को लेकर एकराय बना संगठन मे तहसील कार्यकारिणी अध्यक्ष पद पर रणजीत सिंह को मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी रतनलाल व चुनाव पर्यवेक्षक छोटू लाल की निगरानी मे सम्पन्न हुई चुनाव प्रक्रिया मे रणजीत सिंह को अध्यक्ष मनोनीत करने के साथ ही निर्मल कुमार को सभाध्यक्ष, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर, मंत्री बजंरगलाल, कोषाध्यक्ष लालचन्द व महिला मंत्री पद पर शिमला बैरवा को मनोनीत किया।

# कर्जा चुकाने के लिए मुनीम ने ही रची लूट की साजिश

■ पुलिस ने 12 घंटे में किया खुलासा, लूट की राशि बरामद



पुलिस ने आरोपी से 13 लाख 69 हजार 310 रूपए की लूट की राशी बरामद की।

**टोंक/निवाई, (निसं)।** पीपलू उपखण्ड के झिराना थाना पुलिस ने बडी कार्रवाई को अंजाम देते हुए करीब 14 लाख रुपए की लूट की झूठी कहानी गढने के आरोपी मुनीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की रकम भी बरामद की है।

जानकारी अनुसार कर्ज को चुकाने के लिए रूपयों की जरूरत होने के चलते आरोपी मुनीम ने ही लूट की झूठी कहानी रची और फिर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। पीपलू पुलिस उपाधीक्षक देशराज कुलदीप ने बताया कि गुरुवार शाम को इतला मिली थी की बोरखंडीकलां से अहमदगंज के कच्चे रास्ते के यहां पीपलू के व्यापारी खेमराज स्वर्णकार के मुनीम रामराज गुर्जर निवासी संदेडा से लूट की वारदात हो गई। घटना की सूचना पर झिराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मुनीम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करवाया। इसके बाद मुनीम के होश में आने पर उसने पुलिस को पूछताछ में बताया कि अज्ञात लोगों ने बाइक से उसे नीचे गिराते हुए कनपट्टी पर बंदूक तानकर, मारपीट करते हुए 13 लाख 69 हजार 310 रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पीडित खेमराज स्वर्णकार ने झिराना थाना पहुंचकर लूट का मामला दर्ज करवाया।

मुनीम रामराज गुर्जर द्वारा लूट की वारदात की बताई कहानी, नाटकीय अंदाज में बेहोशी के हालात से शक की सुई पुलिस की उसी पर रही। झिराना थानाधिकारी राजेश गुर्जर सहित गठित पुलिस टीम सारे एंगल से इस मामले की जांच पडताल में जुट गई। मुनीम को घटना स्थल पर ले जाकर सीन रिक्रिएट किया। बार-बार उससे घटना को लेकर जानकारी ली तो उसके बयानों में बदलाव आने लगा। जिस तरह घटना बताता उसके बाद पुलिस के क्रॉस सवालों पर वह बगलें झांकने लगता। पुलिस ने मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली। शक गहराने पर उससे गुरुवार को रातभर व शुक्रवार सुबह पुलिस ने कडाई से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया साथ ही उसने खुद ही लूट की झूठी कहानी गढने और 13 लाख 69 हजार 310 रूपए अपने किसी परिचित के घर रखे जाने की बात स्वीकार की। पुलिस मुनीम के बताए अनुसार परिचित से बात की तो जानकारी मिली पैसों से भरा बैग मुनीम का भाई अपने घर ले गया। निशानदेही पर पुलिस ने पूरे रूपए बरामद कर लिए हैं। आरोपी 6 माह पहले तथा वर्तमान में करीब डेढ महीने से ही व्यापारी के यहां मुनीम का काम कर रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके कर्जा है तथा उसको चुकाने के लिए पैसे की जरूरत होने पर उसने लूट की झूठी कहानी गढी थी।

पीपलू पुलिस उपअधीक्षक देशराज कुलदीप ने बताया कि इस लूट में और कौन लोग शामिल है की भी जांच पडताल की जा रही हैं। आरोपी मुनीम से पैसों भरा बैग ले जाने वाले बहनोई, बहनोई से बैग को ले जाने वाले भाई सहित जो भी उस दौरान मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर सामने आ रहा है उनसे भी पूछताछ की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### नये कैमरे लगाने की मांग

**शाहपुरा, (निसं)।** भाजपा प्रत्याशी शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र उपेन यादव ने अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु शाहपुरा सिटी में बंद पडे कैमरों को सुधरवाने एवं नए कैमरे लगाने को लेकर शाहपुरा एसडीएम और नगरपालिका ईओ के साथ मीटिंग की। मीटिंग में निर्णय हुआ कि जिस फर्म को कैमरे सुधार हेतु टेंडर दिया गया था उसको ब्लैक लिस्ट किया जाएगा और अगले वीक में कैमरों के सुधार हेतु नए सिरे से प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नए कैमरों के लिए एसडीएम एक कमेटी का गठन करेंगे जो कमेटी सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक जगह पर नए कैमरे लगाने की चिन्हित करने का काम करेगी और उसके बाद शाहपुरा सिटी में 100 से ज्यादा जगहों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा क्षेत्र में पेयजलापूर्ति सुचारू करने को लेकर भी चर्चा हुई।

## संस्कृत विद्यालयों के रिक्त पद भरने की मांग

■ विभागीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने राज्य के मुख्यमंत्री, संस्कृत शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव को पत्र लिखकर प्रदेशभर के संस्कृत विद्यालयों में लम्बे समय से चले आ रहे रिक्त पदों को समानीकरण,पदोन्नित एवं नयी भर्ती से भरने की मांग की है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाडी मऊ ने बताया कि प्रदेश के अधिकतर संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पदों के चलते लगातार नामांकन में गिरावट आ रही है। 2017 के बाद पदों का समानीकरण नहीं होने से छात्र शिक्षक अनुपात गडबडा रहा है। बहुत से विद्यालयों में सम्मानजनक नामांकन होने के बावजूद पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं तो वहीं दूसरी ओर नामांकन नगण्य होने के बाद भी शिक्षक लगे हुए हैं तथा एक एक पद पर दो या दो से अधिक शिक्षक हैं जिनका छात्र एवं विद्यालय हित मे किसी भी प्रकार से सदुपयोग नहीं हो रहा है। क्रमोन्नत हुए विद्यालयों के साथ ही बहुत से विद्यालयों में नियमानुसार पद आवंटित नहीं है। यही नहीं प्रदेश भर में सैकडों विद्यालय शिक्षक विहीन तथा सवा दौ सौ से भी अधिक विद्यालय मात्र एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। अन्य विद्यालय भी रिक्त पदों का दंश झेल रहे हैं जो गम्भीर एवं चिंतनीय विषय है। यह यक्ष प्रश्न है कि ऐसी विकट परिस्थितियों में लगातार गिरते नामांकन के कारण संस्कृत विद्यालयों को टूटने से बचना कैसे सम्भव हो सकेगा।

प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि पत्र के माध्यम से यह मांग की गई है कि सबसे पहले नामांकन के अनुसार पदों का समानीकरण हो फिर अधिशेष शिक्षकों को काउंसलिंग द्वारा अन्य विद्यालयों में लगाया जावे इसके बाद जो रिक्त पद रहें उनकी शत प्रतिशत पूर्ति पदोन्नित एवं नई भर्ती द्वारा की जावे। पत्र की प्रति शासन सचिव संस्कृत शिक्षा एवं आयुक्त संस्कृत शिक्षा जयपुर को भी भेजी गई हैं।

### पाटोत्सव, प्रतिभा सम्मान आज

**चाकसू, (निसं)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठ जून शनिवार को कोर्ट का मोहल्ला चाकसू श्री बिहारी जी के मंदिर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज का पाटोत्सव, अभिषेक व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में भगवान का अभिषेक व प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होने कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है उन विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में सनाढ्य ब्राह्मण समाज बंधु मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में समाज को नई गति व दिशा देने को लेकर विस्तार से समाज बंधुओं से चर्चा होगी। कार्यक्रम के समापन के बाद और भगवान की आरती के पश्चात सामूहिक प्रसादी वितरित की जाएगी।

## साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे पर आई मुस्कान

■ निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित



साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान 87छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी में शुक्रवार को विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व प्रधानाचार्य शेर सिंह की अध्यक्षता एवं भास्कर गणेश, समाज सेवी मुखराम धनकड, पूर्व सरपंच हेमंत धनकड के विशिष्ट आतिथ्य में साईकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान 87 साइकिलों का वितरण किया गया।

वही कक्षा 9वीं की छात्राओं को सत्र 2022-23 की 46 व सत्र 2023-24 की कुल 41 छात्राओं को निशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया। वितरण करते हुए प्रधानाचार्या शेर सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा राजकीय विद्यालय में कक्षा 9 में अध्यनरत बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिलें वितरण की जाती है। विद्यालय में सत्र 2022-23 व 2023 -24 में 87 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया। वही विधायक कुलदीप धनकड ने ग्रामीणों से अपील की है कि बालिकाओं को एवं बालकों को राजकीय विद्यालय में अध्ययन करवाकर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें वही दूर दराज से आने वाली बालिकाओं को इस योजना से लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों सहित विद्यालय परिवार मुरारीलाल शर्मा, सुल्तान टोकस मौजूद रहे।

### माईनिंग व रसद विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी

■ विधायक ने बिजली-पानी के पुख्ता प्रबंध करने के दिये निर्देश

**पावटा, (निसं)।** पावटा पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय की अध्यक्षता मे ब्लॉक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक में कहा कि गर्मी के मौसम मे विशेष प्रयास कर आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ पर्याप्त पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इसमें किसी प्रकार की कोताही एवं तालमेल की कमी को बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे टीम भावना से कार्य करते हुए जलापूर्ति को गंभीरता से लेते हुए निरंतर मॉनिटरिंग करें। पानी-बिजली की समस्या के लिए लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जलदाय विभाग के अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग के साथ ही अपर्याप्त जलापूर्ति वाले स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति व टैंकर बढाने के निर्देश भी दिए। कारौली गांव मे पानी की समस्या को लेकर तत्काल पानी की सुविधा के लिए आदेश जारी किये। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल की साफ - सफाई, मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं मरीजों के लिए पर्याप्त कूलर व पंखों की व्यवस्था करने को निर्देशित किया। कृषि विभाग अधिकारी को फसल में लगने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए कृषकों में जागरूकता लाने की बात कही। नगरपालिका ईओ को बरसात में नगरवासियों को जलभराव और नाले व नाली चोक होने की वजह से परेशानी न झेलनी इसके लिए बरसात से पहले नाले व नालियों की सफाई करने के साथ ही नियमित रूप से सफाई की मॉनीटिरिंग करने का निर्देश दिया है। वही माईनिंग व रशद विभाग के अधिकारियों को बैठक में नही आने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। इस दौरान बैठक में जनप्रतिनिधि व ब्लॉक अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईवे पर कचरा फेंकने व अवैध कट खोलने वालों पर कानूनी कार्रवाई करें : कलेक्टर

■ ब्लैक स्पॉट मार्गों पर साइन बोर्ड लगाने, हाईवे पर वृक्षारोपण करने एवं दुर्घटना की सूचना पर तुरंत एम्बुलेंस भेजने आदि पर दिशा निर्देश दिए



जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने ली।

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को हाईवे पर कचरा फेंकने एवं अवैध कटों को बंद करने के बाद फिर से खोल देने वालों पर कडी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर शुक्ला ने सडक सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की और कहा कि समन्वित प्रयास यह रहे कि जिले की सडकें दुर्घटना मुक्त होवे। दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाना प्राथमिकता रहे। सुगम यातायात एवं दुर्घटना संभावित कारणों के लिए गठित समिति की रिपोर्ट की समीक्षा कर कलेक्टर अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं।

रिडकोर के अधिकारियों ने जिला कलेक्टर को बताया कि एसएच 25 पर 76 अवैध कट है जिनमें से 56 अवैध कट बंद करा दिये गए है। लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें वापस से खोल दिया जाता है। इस पर जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की एसएच 25 पर अवैध कटों को बन्द करावे व अवैध कट बन्द करने के उपरान्त भी यदि किसी ने उन्हें पुन: खोले तो संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाए।

उन्होंने तिजारा, टपूकडा एवं किशनगढबास एसडीएम को अपने क्षेत्र में आने वाले एसएच 25 के आसपास गांव द्वारा हाईवे पर डाले जाने वाले कचरे के संबंध में नगर पालिका एवं पंचायती राज विभाग के साथ बैठक कर प्रभावी कार्य योजना बनाकर ऐसा करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि ब्लैक स्पॉट मार्गो पर अधिक साइन बोर्ड लगाकर यात्रियों को सजग करें ताकि ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने रिडकोर के अधिकारियों को डिवाइड के मध्य में वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए।कलक्टर ने खैरथल-तिजारा एवं भिवाडी पुलिस अधिकारियों, पीडब्ल्यूडी अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि दुर्घटना की सूचना आईआरएडीबी (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) पर दर्ज करवाना सुनिश्चित कराये।

उन्होंने डीटीओ सहित संबंधित अधिकारियों को शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने डीसीएमएचओ को निर्देश दिये कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने एवं मरीज के इलाज के लिए सभी ट्रोमा प्रभारियों को पाबंद करें। उन्होंने निर्देश दिये कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस यथाशीघ्र दुर्घटना स्थल पर पहुंचे जिससे घायल व्यक्ति को मौके पर चिकित्सकीय सुविधा मिल सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, एसएचओ किशनगढ बास जितेंद्र, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता बाबूलाल माली सहित आरएसआरडीसी, रिडकोर एंव संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं को सम्मानित किया



**निवाई, (निसं)।** आराधना सीनियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में गुरूवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक कैलाशचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही मनुष्य की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही हर क्षेत्र में विकास संभव है बिना शिक्षा के इंसान अधुरा रहता है। इसलिए शिक्षा प्राप्त करना ही अपना उद्वेष्य व लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि अपने उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए अभी से ही लक्ष्य निर्धारित करें। उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके अपने माता-पिता एवं गुरूजनों का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सविता शर्मा, प्रधानाचार्य शिल्पी शर्मा, प्रभारी अब्दुल गनी, रमेशचंद निराला, रेखा शर्मा, चेतना विजय, रेणू कुमावत व आशा जैन सहित कई शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

### तीन विद्यार्थी इंस्पायर्ड अवार्ड में चयनित







**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक श्रीमाधोपुर के 12वीं विज्ञान वर्ग में मा.शिक्षा बोर्ड में उच्च अंक प्राप्त करने वाले 3 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए चयन हुआ है। प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को स्नातक एवं स्नातकोत्तर उच्च शिक्षा के दौरान पांच वर्ष तक प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष 80 हजार रुपए मिलेंगे। विद्यालय में पिछले लगातार 4 वर्षों से इस छात्रवृत्ति के लिए चयन हो रहा है, जो अपने आप में एक बडी उपलब्धि है। इस सत्र में कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में टीना सैनी पुत्री गुगन सैनी, आयुष गर्ग पुत्र मातादीन गर्ग तथा गुंजन कुमावत पुत्री सुभाष कुमावत का इस छात्रवृत्ति के लिए चयन होने पर ग्रामवासियों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। विद्यालय में राज्य सरकार के द्वारा जारी लैपटॉप सूची में 24 विद्यार्थियों का लैपटॉप-टैबलेट के लिए चयन हुआ है।

### पशु चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने व चोरों को पकड़ने की मांग

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा क्षेत्र के स्वामीपुरा व देवन गांव में हुई बकरी चोरी की घटना को लेकर भाजपा नेता उपेन यादव ने दोनों गांव में जाकर पीडित परिवार से मिले और घटना की जानकारी लेकर उन्हें ढाढस बंधाया। उपेन यादव ने पीडित परिवारों से कहा कि उन्हें न्याय दिलवाने के लिए से कृतसंकल्प है और उन्हे न्याय दिलवा कर रहेंगे। उपेन यादव ने क्षेत्र में बढ रही पशु चोरी की घटनाओं को लेकर नाराजगी जताई और पुलिस अधिकारियों से चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की बात कही। उपेन ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में गरीब परिवार पशु पालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उनके पशु चोरी हो जाने से उनके सामने आर्थिक संकट खडा हो गया है। उपेन ने जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर चोरों को पकडने की बात कही। इस पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस मुस्तैद है। चोरों को पकडने के लिए अलग अलग टीम बनाकर विभिन्न स्थानों पर भेजी गई है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। उपेन यादव ने कहा कि मामले में किसी कर्मचारी द्वारा लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### हादसों को न्योता देता अलवर सिकंदरा मेगा हाईवे

**अलवर, (निसं)।** अलवर-सिकंदरा मेघा हाईवे पर स्थित मालाखेडा बाईपास पर हाईवे के दोनों तरफ दुकानदार, बिल्डर्स एवं पाईप विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण कर सडक की चौडाई को आधा कर दिया है। इसके कारण इस हाईवें पर लगातार सडक हादसें हो रहे है। जिम्मेदार मेगा हाईवे बनाने वाली रिडकौर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारी इस और आंखे मूंदे हुए है। जानकारी के अनुसार अलवर-सिकन्दरा हाईवे का निर्माण पीडब्लूडी द्वारा किया गया और इसकी देखरेख का जिम्मा रिडकोर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी को सौंप दिया। नियमानुसार यह कंपनी इस रोड की देखरेख करेगी और इस पर लगने वाले टोल की वसूली करती है लेकिन कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी इस हाईवें की उचित देखभाल नहीं कर पा रहे है क्योंकि मालाखेडा बाईपास पर हाईवे के दोनों तरफ आकाश पाईप, राजा पाईप, लक्ष्मी पाईप फैक्ट्री, बिल्र्डस द्वारा रोडी-बजरी एवं दुकानदारों द्वारा त्रिपाल लगा कर हाईवें के दोनो तरफ अतिक्रमण कर लिया है जिससे यहा इस हाईवें पर आए दिन सडक हादसे होने लगे है लोगों ने अब इस रोड को दुर्घटना ग्रस्त रोड भी कहना शुरू कर दिया है। इस बारे में जब रिडकोर कंपनी के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने अतिक्रमण नहीं होने का दावा किया जबकि हकीकत कुछ और ही है। लोगों का कहना है कि कंपनी के कुछ कर्मचारी इन अतिक्रमण कर्ताओं से मिले हुए है।

### प्रतिभाओं का सम्मान किया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम इरोलाव की स्थानीय सरपंच शान्ति देवी ने शुक्रवार को प्रात: 10 बजे जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों के साथ मिलकर एवं उनके घर पहुंचकर क्षेत्र की प्रतिभा आदित्य कुमावत पुत्र शंकर लाल कुमावत व पौत्र लालचन्द सरसवा को माला-साफा पहनाकर सम्मानित किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पूर्व सरपंच राजेन्द्र कुमावत ने बताया कि ग्राम इरोलाव के बेटे आदित्य कुमावत ने नीट परीक्षा 2024 में 720 में से 705 अंको के साथ एआईआर 1180 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साथ ही विजेन्द्र कुमावत पुत्र अमरचन्द, पौत्र कानराम ने कक्षा 10 वीं में 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र सहित अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। इसके चलते उन्हें माला पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर सम्मानित किया साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। इस अवसर पर गजानन देवन्दा, राजेन्द्र कुमावत, वार्ड पंच सुनीता देवी कुमावत, संजू वर्मा, पूर्व वार्ड पंच व समाजसेवी मनोज देवन्दा, ओमप्रकाश कुमावत, मोहन सरस्वा, वार्ड पंच प्रतिनिधि सुरेश सिंघाटिया, रामेश्वर लाल, पुनीत कुमावत, रामरतन यादव, भैरूराम, दुलीचन्द, संदीप बुगालिया, हेमराज सैनी, हरिशंकर कुमावत, युवा नेता रमेश घोडेला, पेन्टर सोहन लाल, भगवान सहाय वर्मा शंकर लाल कुमावत, सन्तोष देवी, लालचन्द सरसवा, नानची देवी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### युवक ने पंखे से झूल आत्महत्या की

**निवाइ, (निसं)।** शहर के वार्ड नंबर 12 में एक 28 वर्षीय युवक ने पंखे पर रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी हरिराम वर्मा बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 10:30 बजे शहर के वार्ड नंबर 12 में एक युवक द्वारा आत्महत्या कर लेने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक द्वारा आत्महत्या करने के दौरान परिजनों को उक्त घटना की जानकारी होने पर युवक को घायल अवस्था में आनन-फानन में फंदे से उतारकर उसे तुरंत ही राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि मृतक कमलजीत पुत्र ओमप्रकाश रैगर उम्र 28 वर्ष की पत्नी अपने पीहर गई हुई थी। मृतक की पत्नी व उसके पिता के अस्पताल पहुंचने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की 6 माह पूर्व ही शादी हुई थी।